किरण जीविका महिला विकास स्वाबलंबी सहकारी समिति ली. बिशनपुर

BR-06-03-01-OTH-01-2024

ग्राम + पोस्ट बिशनपुर, थाना – समस्तीपुर

प्रखंड + जिला समस्तीपुर, बिहार – 848134

....

पत्रांक:- KIRAN/CLF/201/2024-25 दिनांक:- 24/08/2024

आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि किरण जीविका महिला विकास स्वाबलंबी सहकारी समिति ली. बिशनपुर द्वारा किरण दीदी की रसोई, सदर हॉस्पिटल समस्तीपुर_में संचालित जीविका दीदी की रसोई सुगमता पूर्वक संचालन हेतु संविदा के आधार पर कैंटीन प्रबंधक (Canteen Manager) पद पर नियोजन हेतु विहित प्रपत्र में सुयोग्य अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है :

क्र. सं.	पद का नाम	पद की संख्या	शैक्षणिक योग्यता	वांछित योग्यताएं	उम्र	मानदेय रु. प्रति माह (समेकित)
01	कैंटीन प्रबंधक (Canteen Manager)	01 (UR)	उम्मीदवार होटल प्रबंधन/ केटरिंग तकनीक (बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (BHM)/ बैचलर इन होटल मैनेजमेंट एंड केटरिंग टेक्नोलॉजी (BHMCT)/ बीएससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन/ बीए इन होटल मैनेजमेंट/ बीबीए इन हॉस्पिटैलिटी/ बीबीए इन होटल मैनेजमेंट/ होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।	आवेदन हेतु उम्मीदवार के पास कैंटीन, होटल एवं रेस्टोरेंट के प्रबंधन का काम में कम से कम तीन वर्ष का कार्य अनुभव अनिवार्य है।	21 से 45 वर्ष (आयु की गणना विज्ञापन जारी होने की तिथि के दिनांक के आधार पर की जायेगी)	**20000 - 25000**

1. कंप्यूटर संचालन का ज्ञान होना चाहिए।
2. व्यवहार कुशल होना चाहिए।
3. नियोजन अवधि:- मानदेय आधारित उक्त पद संविदा आधारित होंगे जिन्हें आवश्यकतानुसार संतोषजनक कार्य अथवा विभागीय निदेश के आलोक में विस्तारित किया जा सकेगा।
4. मानदेय के आधार पर चयनित कर्मी ना तो सरकारी सेवक माने जायेंगे और ना ही सरकारी सेवकों के अनुमान्य किसी सुविधा के हक़दार माने जायेंगे। मानदेय के आधार पर चयनित कर्मी द्वारा सरकारी सेवा के नियमितीकरण का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

चयन प्रक्रिया समय-सारणी :

- इच्छुक व्यक्ति आवेदित पद का उल्लेख करते हुए विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 14 दिनों के अंदर अपना आवेदन / बायोडाटा विहित प्रपत्र में शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव संबंधी प्रमाण-पत्र / अंकलन की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ संलग्न करते हुये हाथोंहाथ या डाक के माध्यम से किरण जीविका महिला विकास स्वाबलंबी सहकारी समिति ली. बिशनपुर कार्यालय में जमा किया जा सकता है।
- संकुल संघ द्वारा चयनित उम्मीदवारों कि सूचि दिनांक: 10/09/2024 तक संकुल संघ में प्रदर्शित करेगी।
- प्रकाशित सूचि में अचयनित आवेदकों द्वारा संकुल संघ के समक्ष आपत्ति दर्ज दिनांक:12/09/2024 तक संकुल संघ में किया जा सकता है।
- साक्षात्कार दिनांक: 13/09/2024 तक संकुल संघ द्वारा आयोजित की जाएगी।

विशेष जानकारी के लिए दूरभाष सं० 6200160497 पर सम्पर्क किया जा सकता है। दिनांक: 07/09/2024 को अपराहन 05:00 बजे के पश्चात कार्यालय में उपलब्ध कराई गई आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

ह०/-

अनवरी खातुन

अध्यक्ष

किरण जीविका महिला विकास स्वाबलंबी सहकारी समिति ली.

बिशनपुर...

नशे से बनानी दूरी है, क्योंकि परिवार जरुरी है।

किरण जीविका महिला विकास स्वाबलंबी सहकारी समिति ली. निबंधन संख्या BR-06-03-01-OTH-01 2024

Scanned with CamScanner